

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

रविवार

2 अक्टूबर 2022

डिजिटल संस्करण

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


### सप्तम कालरात्री



ओम ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै ऊं कालरात्रि दैव्ये नमः।

## भोजपुर में कुख्यात सत्येंद्र पांडेय के घर से साढ़े 19 लाख नगद और गोलियां बरामद

- पटना जिले के अमनाबाद में गोलीकांड के बाद बालू माफिया पर भोजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई
- बालू माफियाओं में मचा हड़कंप, एक साथ 55 माफियाओं के घर रेड किया गया

**केटी न्यूज/आरा**



जिले में बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान में भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की टीम द्वारा जिले के एक कुख्यात बालू माफिया के घर से साढ़े 19 लाख रुपये नगद व 315 बोर की 25 गोलियां बरामद की गयी है। हालांकि बालू माफिया पकड़ में नहीं आ सके। पैसे और गोलियों की बरामदगी कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरूखिया कला गांव निवासी सत्येंद्र पांडेय के एक मकान से शुक्रवार की रात बरामद की गयी है। छापेमारी की यह कार्रवाई पटना जिले के अमनाबाद में बुधवार की रात माफिया गिरोह के बीच गोलीबारी की घटना के बाद की गई है। वहीं छापेमारी अभियान के दौरान बालू से संबंधित पूर्व के कांडों में तीन वांटेड भी गिरफ्तार किये गये हैं। एसपी संजय कुमार सिंह ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटना में दो रोज पहले हिंसक वारदात के बाद एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में अलग-अलग टीम बना कर छापेमारी की जा रही थी। इस दौरान पचरूखिया कला गांव में बालू माफिया सत्येंद्र पांडेय गिरोह द्वारा हथियार, गोली और पैसे लाये जाने की सूचना मिली। उस आधार पर टीम द्वारा तत्काल छापेमारी की गयी। उस दौरान सत्येंद्र पांडेय के एक मकान से 19 लाख 43 हजार रुपए, 25 गोलियां, सोन की एक चेन और अंगुठी बरामद की गयी। हालांकि माफिया पकड़ में नहीं आ सके और हथियार भी बरामद नहीं किया जा सका। इस मामले में सत्येंद्र पांडेय के पुत्र अंकित पांडेय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। माफियाओं की धरपकड़ और हथियार की बरामदगी को लेकर छापेमारी भी की जा रही है। जब्त पैसे की भी जांच की जा रही है।

**पूरी रात चली छापेमारी, एसपी खुद कर रहे थे मॉनिटरिंग :** बालू माफियाओं की धरपकड़ को लेकर शुक्रवार को पूरी रात छापेमारी चलती रही। सोन तटीय इलाके के बड़हरा से इमादपुर थाना क्षेत्र तक छापेमारी की गयी। पटना से सटे इलाके में पुलिस रात भर माफियाओं को खोजती रही। इस दौरान 55 माफियाओं के घर रेड किया गया। हालांकि अधिकतर माफिया फरार मिले। छापेमारी को लेकर तीन विशेष टीम बनायी गई थी। एएसपी हिमांशु टीम को लीड कर रहे थे। वहीं, एसपी खुद मॉनिटरिंग कर रहे थे। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि अवैध खनन और माफियाओं की धरपकड़ को ले निरंतर अभियान चलाया जाता है। पटना की हिंसक घटना के बाद शुक्रवार की रात विशेष अभियान चलाया गया। उसके लिए तीन टीम बनी थी। एक टीम में बड़हरा, कोईलवर और चांदी। दूसरी टीम में अजीमाबाद, सहार व संदेश जबकि तीसरी टीम में इमादपुर और सिकरहट्टा थाने की पुलिस शामिल थी। टीम द्वारा 55 माफियाओं के घर रेड किया गया है। इसी क्रम में बड़हरा और चांदी थाने की पुलिस द्वारा बालू चोरी के पूर्व के कांड के तीन वांटेड को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि छापेमारी की यह कार्रवाई अवैध खनन को ले पूर्व से चली आ रही सीरीज का ही हिस्सा है।

### सख्त शराबबंदी कानून: दोबारा शराब पीकर पकड़े गए तो होगी एक साल की सजा

## शराब पीनेवाले संभल जाएं... पकड़े गए तो घर पर लगाया जाएगा पोस्टर

- मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों के मद्यनिषेध अधीक्षकों को कार्रवाई का दिया आदेश

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में शराबबंदी कानून लागू है। ऐसे में यहां शराब पीने वाले संभल जाएं। सरकार अब ऐसे लोगों पर किसी तरह का रहम नहीं करनेवाली। सरकार ने शराबबंदी कानून को और सख्त करते नया आदेश जारी किया है। इसके अनुसार पहली बार शराब पीने पर पकड़े गए लोगों से न केवल जुर्माना वसूला जाएगा बल्कि इनके घर पर मद्यनिषेध विभाग की ओर से चेतावनी वाला पोस्टर चिपकाया जाएगा। पोस्टर में इस बात की चेतावनी होगी कि अगर दोबारा शराब पीकर पकड़े गए तो उन्हें एक साल की सजा मिलेगी। इसके साथ ही विभागीय अधिकारी ऐसे लोगों की छानबीन भी करेंगे। यदि अफसरों को ऐसे किसी व्यक्ति पर शक हुआ तो वे ब्रेथ एनलाइजर से उसकी जांच भी करेंगे। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने सभी जिलों के मद्यनिषेध अधीक्षकों को इस संबंध में कार्रवाई का आदेश दिया है।

**अब तक 58 शराबी काट रहे सजा :** संशोधित शराबबंदी कानून के तहत पहली बार शराब पीकर पकड़े गए शख्स को जुर्माना लेकर छोड़ने का प्रावधान है। इस कानून के तहत अब तक 50 हजार से अधिक लोग जुर्माना देकर छूट चुके हैं। इधर, विभाग को ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि इनमें कई लोग दोबारा शराब का सेवन कर रहे हैं। ऐसी शिकायतों के बाद मद्यनिषेध अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे रिकॉर्ड के हिसाब से सभी अभियुक्तों के घर जाकर उन्हें चेतावनी दें। चेतावनी से संबंधित पोस्टर भी उनके घरों के बाहर चस्पा करें। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पोस्टर में लिखा रहेगा कि आप इस तारीख को पहली बार शराब पीने के आरोप में जुर्माना देकर रिहा हुए हैं। मद्यनिषेध उपायुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि मद्यनिषेध विभाग और पुलिस ने अप्रैल में संशोधित कानून लागू होने के बाद से 50 हजार से अधिक लोगों को पहली बार शराब पीने के आरोप में पकड़ा है। जून में 8651, जुलाई में 11557 और अगस्त में 18757 अभियुक्तों को इस आरोप में पकड़ा गया। इनमें से 388 लोग दोबारा शराब का सेवन करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से 58 आरोपियों को कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई है।

### मंच पर चढ़ा शराबी तो बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने नीतीश पर कसा तंज



बेतिया के सिटी शॉपिंग मॉल परिसर में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुस्तक मोदी@20 का विमोचन कार्यक्रम चल रहा था। इसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर संजय जायसवाल, बिहार की पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी समेत अन्य नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम को जब संजय जायसवाल संबोधित कर रहे थे तभी एक शराबी मंच पर चढ़ गया और लड़खड़ाते हुए उनके सामने खड़ा हो गया। उसके हाथ में एक प्लास्टिक थी। जो उसने संजय जायसवाल को दी। यह देख पार्टी के एक कार्यकर्ता ने उसे मंच से उतार दिया। इस बीच संजय जायसवाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि एहि से नीतीश जी के हम कहेनी शराबबंदी खोल देवे के।

### आज खुलेंगे माता के पट

## द्वारिकाधीश मंदिर के प्रारूप में होगा माता का दर्शन



डुमरांव अनुमंडल के सिमरी स्थित एकौना-जलालपुर में बना पंडाल अपनी भव्यता और आकर्षकता को दर्शा रहा है। द्वारिकाधीश मंदिर के प्रारूप पर बने इस पंडाल में शक्ति की देवी मां दुर्गा विराजी हैं। भक्तों को माता के अलौकिक दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

## मौसम... राज्य के 14 जिलों में वज्रपात की चेतावनी

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में एक बार फिर मौसम में बदलाव के संकेत हैं। दुर्गापूजा के उत्साह के बीच मौसम विभाग ने श्रद्धालुओं का दिल तोड़नेवाली संभावना जताई है। मौसम विभाग ने राज्य के 14 जिलों में वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही पश्चिमी बिहार के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। बिहार में 3 अक्टूबर से बारिश संबंधी गतिविधियों में तेजी आएगी। उत्तर और पूर्वी बिहार के कुछ हिस्सों में इस दौरान भारी बारिश की संभावना है। पटना मौसम केंद्र के अनुसार दक्षिण बिहार में कहीं-कहीं पर ठनका गिरने का खतरा है। पटना, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय, शेखपुरा, नवादा, गया, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, बक्सर और भोजपुर जिले में वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पटना, मोतिहारी, बेतिया, गोपालगंज, गया, बेगूसराय, आरा, सासाराम समेत आसपास के इलाकों में कहीं-कहीं छिटपुट बारिश की संभावना है। बिहार में मॉनसून 10 अक्टूबर के बाद विदा होगा।

## कानपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिरने से 27 लोगों की मौत

**केटी न्यूज/कानपुर**

कानपुर के घाटमपुर में बीती रात ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिर गई। हादसे में ट्रॉली पर सवार 50 श्रद्धालुओं में से 27 लोगों की मौत हो गई। साथ ही, 10 से धित घायल हैं। गांव वालों की मदद से पुलिस रेस्क्यू में जुटी है। बताया जा रहा है कि सभी श्रद्धालु उन्नाव के चंद्रिका देवी मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। मरने वालों में 11 महिलाएं और 11 बच्चे शामिल हैं। एसपी आउटर तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि सभी लोग घाटमपुर के कोर्था गांव के रहने वाले हैं। घायलों को भीतरगांव सीएचसी में भर्ती कराया गया। गंभीर घायलों को कानपुर के हैलट हॉस्पिटल रेफर किया गया है। घटना को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है।

## आज से शुरू होगा पीके का लिटमस टेस्ट, 3000 किलोमीटर की करेंगे पदयात्रा

**केटी न्यूज/पटना**

आज के राजनैतिक परिदृश्य में हलचल बढ़ने वाली है। क्योंकि दो अक्टूबर यानी की आज प्रशांत किशोर उर्फ पीके लिटमस टेस्ट शुरू होने वाला है। जानकारों का कहना है कि प्रशांत किशोर अब बिहार में अपने लिए जमीन तलाश रहे हैं। जिसको लेकर वो दो अक्टूबर से राज्य में 3000 किलोमीटर की पदयात्रा की शुरूआत करने वाल हैं। यह यात्रा दो अक्तूबर को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से शुरू होगी। प्रशांत किशोर ने आने वाले 10 वर्षों में बिहार को देश के शीर्ष दस राज्यों में शामिल करने के संकल्प के साथ जन सुराज अभियान के तहत इस पदयात्रा से जुड़ने की अपील की है। इस यात्रा की तैयारी जोरशोर से शुरू है। पीके पटना से सड़क मार्ग से चंपारण के लिए जाएंगे। जहां वो इस यात्रा के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन करेंगे। पीके की इस पद यात्रा और मुहिम में राजनेताओं का भी साथ मिलने लगा है। छपरा के निर्दलीय एमएलसी सच्चिदानंद राय पीके के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कर रहे हैं। साथ ही यह भी कह रहे हैं कि 2025 में पीके के साथ मिलकर बड़ी रणनीति के साथ चुनाव में उतरेंगे।

## पूजा में माहौल बिगड़ने की आशंका पर पुलिस चौकस

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में दुर्गा पूजा, दशहरा और नगर निकाय चुनाव के दौरान माहौल बिगड़ने की आशंका है। खुफिया विभाग के इनपुट के आधार पर बिहार पुलिस चौकस हो गई है। विभाग की ओर से जारी अलर्ट के मुताबिक त्योहार और चुनाव के बीच सूबे में असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ सकते हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि, पुलिस मुख्यालय का कहना है कि यह सामान्य अलर्ट है। पूरे बिहार में दुर्गा पूजा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बड़ी संख्या में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी) के अलावा दंगा निरोधक बल और महिला बटालियन की 1880 कर्मियों की भी तैनाती रहेगी। वहीं, पांच जिलों में रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की एक-एक कंपनी की तैनात की गई है। प्रशिक्षु पुलिस अफसरों को भी दुर्गापूजा पर फील्ड में उतारा गया है। वे 1 से 5 अक्टूबर तक जिलों में व्यवहारिक प्रशिक्षण पर रहेंगे।

### अशोक के शिलालेख को लेकर चढ़ा सियासी रंग

## सम्राट चौधरी ने दी आंदोलन की चेतावनी

**विरासत से खिलवाड़...**

- सम्राट का बड़बोलापन... मैं तो लालू प्रसाद से मंगवा चुका हूं माफी
- नीतीश कुमार को पल्टु कुमार की संज्ञा देते हुए कहा कि यह भूल जाएं कि वे सीएम हैं

**केटी न्यूज/सासाराम**



सासाराम जिले के चंदन पहाड़ी पर महान मौर्य सम्राट अशोक के लघु शिलालेख पर मजार बना इस पर चादर चढ़ा दिया गया है। विरासत के साथ किए गए खिलवाड़ का यह मामला तूल पकड़ने लगा है। विपक्षी दल बीजेपी ने इस मामले में सरकार पर निशाना साधते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मामले को लेकर शनिवार को बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने शनिवार को सासाराम के समाहरणालय के समक्ष धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए उन्होंने बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि बिहार सरकार तुष्टीकरण की नीति को अपनाई हुई है। इसे जल्द से जल्द खत्म करने की आवश्यकता है। मैं उस इतिहास की बात करने आया हूं, जब कोई अन्य धर्म नहीं था जिसकी लोग चर्चा कर रहे हैं। जब अखंड भारत के सम्राट अशोक ने लघु शिलालेखों के माध्यम से संदेश दिया था, उसका अतिक्रमण हो गया है उसे मुक्त कराओ। तुष्टिकरण नीति से इतिहास मिटाने का यह सरकार काम कर रही है। भाजपा के लोग भारत के इतिहास, संस्कृति की बात करते हैं। भारत माता की जय से काम शुरू करते हैं और वंदे मातरम् से समापन करते हैं। अब नीतीश जी जो पल्टु कुमार हैं यह भूल जायें की वे मुख्यमंत्री हैं। मैं तो लालू प्रसाद से माफी मंगवा चुका हूं। उन्होंने कहा कि समय रहते अगर जिला प्रशासन सम्राट अशोक के शिलालेख को मुक्त नहीं कराती है तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार को एक ज्ञापन सौंपा।

**प्रशासन से मिला आश्वासन, जल्द होगी कार्रवाई:** बाद में बताया कि प्रशासन से उन्हें आश्वासन मिला है कि त्योहार का समय है। ऐसे में आने वाले कुछ समय के अंदर इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी। धरना में एमएलसी संतोष सिंह के अलावे कई नेता मौजूद थे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुशील कु.चंद्रवंशी, प्रदेश मंत्री अजय यादव, प्रदेश पंचायती राज प्रकोष्ठ संयोजक ओमप्रकाश भुवन, विधान पार्षद संतोष सिंह, पूर्व विधायक ई.सत्यनारायण सिंह यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ.सचिन कु.सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह, राजेन्द्र सिंह भोला, त्रिविक्रम नारायण सिंह, जिलामहामंत्री शशिभूषण प्रसाद, कार्यक्रम संचालनकर्ता विजय सिंह, प जिलाउपाध्यक्ष संतोष पटेल, डॉ.शरतचंद्र संतोष, मंगलानंद पाठक, विवेक सिंह व अन्य लोग उपस्थित थे।

## शहर छोटी खबरें

### मासूम की तलाब में डूबने से गई जान

**रोहतास।** जिले के कोचस प्रखंड मुख्यालय स्थित सूर्य मंदिर तालाब में शनिवार शाम डूबने से एक दो बर्षीय बच्चे की मौत हो गई है। मृत बच्चा नासरीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के पिपरडिह गांव का निवासी चंदन पासवान का पुत्र बताया जाता है। इस संबंध में स्वजनों ने बताया कि बच्चा कुछ देर पूर्व ही मां पिता के साथ कोचस ननिहाल में आया था। उसकी मां राधिका देवी अपने पुत्र एवं पति के साथ अपने मायके वार्ड तीन निवासी गांधी पासावान के यहां आई थी। गांधी पासवान राधिका के पिता हैं। इसी क्रम में राधिका अपने दो साल के पुत्र को गोद से उतारकर अन्य परिजनों के साथ बातचीत करने लगी। इस दौरान बच्चा चलते हुए कब तालाब की तरफ चला गया, किसी को जानकारी नहीं हुई। बताते हैं कि घर से कुछ दूरी पर ही स्थित सूर्य मंदिर तालाब के पिंड पर चला गया तथा वहां से गिरकर पोखरा में डूब गया। इस क्रम में तालाब के किनारे जहां तालाब के एक किनारे बच्चे अचेत पाया गया। आनन-फानन में स्वजन बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया।

### दुर्घटना में सहारा इंडिया के शाखा प्रबंधक की पत्नी की मौत

**सासाराम।** दुर्गा पूजा और दशहरा की छुट्टी पर पति के साथ बाइक से अपने घर वाराणसी जा रही सहारा इंडिया की शाखा प्रबंधक पत्नी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल उत्तर प्रदेश के वाराणसी सामने घाट निवासी संजय रायकर शनिवार की शाम अपनी पत्नी रश्मि रायकर के साथ झारखंड के हरिहरगंज से दुर्गा पूजा और दशहरा की छुट्टी में अपने घर वाराणसी सामने घाट जा रहे थे। संजय रायकर जैसे ही कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के उसरी गांव के समीप पहुंचे तो उनकी पत्नी रश्मि रायकर जो झारखंड में सहारा इंडिया की शाखा प्रबंधक थी चलती बाइक से नीचे गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रक ने रश्मि रायकर को कुचल दिया। घटना के बाद संजय रायकर पत्नी के शव के पास बैठकर रोते हुए दिखाई दिए। इस हादसे में रश्मि रायकर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद एनएचएआई व मोहनिया पुलिस मौके पर पहुंची। इसकी जानकारी मोहनिया थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर कानूनी कार्वाई में जुट गई।

### बिहार में बढ़ गया है अपराधियों का तांडव : सम्राट चौधरी

**आरा।** अपराधियों के गोली से घायल भाजपा कार्यकर्ता बबलू सिंह का हालचाल जानने के लिए बाबु बाजार स्थित अस्पताल मे भाजपा के नेता सम्राट चौधरी पहुंचे। उन्होंने अस्पताल पहुंच कर भाजपा कार्यकर्ता का हालचाल पुछा और पूरी घटना की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बिहार मे अपराधियों का राज हो गया है। बिहार सरकार पूरी तरह से निरंकुश हो गई है। कानून ब्यवस्था टप हो चुका हे। सोन नदी मे इसी प्रकार अपराध का तांडव देखने को मिला और अब राजनीतिक कार्यकर्ता पर भी हमला होने लगा। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुक दर्शन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि अपराधियों पर कठोर कार्वाई नही होती है तो भाजपा आंदोलन करेगी।

**तैयारी हुई पूरी**

## आरा के चंदवा मोड़ में बद्रीनाथ मंदिर में विराजी मां



## रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाया डुमरांव शहर



# इलाज में देरी से प्रसव कराने आई महिला की मौत, बच्चे की गर्भ में ही चली गई जान

## परिजनों ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों पर इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

- लोगों ने जमकर काटा बवाल, एएसपी के समझाने पर शांत हुआ मामला
- सिविल सर्जन ने कहा - जाांच कराई जाएगी, लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई तय



**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में मौत और हंगामे का दौर थम नहीं रहा है। शुक्रवार की रात एक बार फिर इलाज के इंतजार में एक गर्भवती की जान चली गई। लगभग तीन घंटों तक वह दर्द से छटपटाती रही, जिसके बाद उसने दम तोड़ दिया। जिसके कारण उसका बच्चा भी पेट में ही रह गया। ऐसे में एक साथ जच्चा और बच्चा दोनों की मौत हो गई। मृत महिला शाहपुर थाने के सुहिया गांव निवासी कुणाल सिंह की पत्नी अनीता देवी थी। इधर, महिला की मौत के बाद उसके परिजन भड़क उठे और खूब हंगामा मचाया। परिजनों ने चिकित्सक और नर्सों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इधर, हंगामे के कारण अस्पताल में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही सिविल सर्जन डॉ. रामप्रीत सिंह पहुंचे और समझाने में जुट गए। लेकिन हंगामा शांत नहीं हो रहा था। स्थिति देखते हुए खुद एएसपी हिमांशु को अस्पताल पहुंचना पड़ा। देर रात करीब दो बजे एएसपी और नगर थानाध्यक्ष अनिल सिंह दलबल के साथ पहुंचे। उसके बाद समझा-बुझाकर कर परिजनों को शांत कराया गया। उन्होंने मृत महिला के परिजन, सीएस और डाक्टर से घटना की पूरी जानकारी ली।

**मौत के बाद किया गया रेफर :** परिजनों का कहना था कि करीब तीन घंटे तक महिला बेड पर पड़ी रही, लेकर महिला चिकित्सक उसे देखने नहीं आई। नर्स भी मात्र इंजेक्शन देने के बाद गायब हो गई। यहां तक कि परिजनों को चिकित्सक से मिलने तक नहीं दिया गया। मामले में सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह रही कि चिकित्सक और कर्मचारियों ने महिला की मौत के बाद जानकारी नहीं दी और रेफर कर दिया। इस मामले में सिविल सर्जन रामप्रीत सिंह ने कहा कि देखा जायेगा कि किसने लापरवाही की है। भविष्य में इस तरह की कोई घटना नहीं हो, इसकी गहन समीक्षा की जाएगी। सभी डॉक्टर और नर्सों को आपस में तालमेल बनाए रखने को कहा गया है। सीरियस मरीज को फौरन देखा जाएगा और उनके परिजनों को बताया जाएगा। उसके बाद उनकी इच्छा होगी, तो रखेंगे नहीं तो वह बाहर ले जाएंगे। वैसे भी सीरियस मरीज को रेफर कर दिया जाता है। लेकिन आगे से इस चीज का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**डेढ़ बजे पहुंची चिकित्सक और पटना रेफर कर दिया :** घटना के संबंध में मृत महिला के भाई डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 10 बजे उसे प्रसव के लिए आरा सदर अस्पताल के लेबर वार्ड लाया गया था। तब महिला डाक्टर नहीं थी। ऐसे में उपस्थित नर्सों द्वारा देखा गया और एक इंजेक्शन दिया गया। उसके बाद रात फिर उसे कोई देखने नहीं आया। उन्होंने ने कई बार डॉक्टर से मिलने की कोशिश भी की। लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। मौजूद नर्सों द्वारा कहा गया कि डाक्टर साहब अभी नहीं है। रात करीब डेढ़ बजे डाक्टर आयी और उसे सीधे पटना रेफर कर दिया गया। इस पर वेलोग एंबुलेंस लेकर पहुंचे और मरीज को चढ़ा रहे थे। तब चालक द्वारा बताया गया कि मरीज जिंदा नहीं है?। इससे लोगों का गुस्सा भड़क उठा।? भाई संजीव कुमार के अनुसार महिला चिकित्सक का कहना था कि नर्सो द्वारा 10 बजे के बाद किसी भी मरीज के आने की सूचना नहीं दी गयी थी। उन्हें 1:20 में सूचना दी गयी, तो नर्सों का कहना था कि सूचना दी गयी थी।

## एक नजर

### गया स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निमित निर्वाचक सूची की तैयारी में जुटा प्रशासन



**जहानाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रतिनिधियों के साथ 02 गया स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निमित निर्वाचक सूची की तैयारी हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 01 नवंबर, 2022 के आधार पर 02 गया स्नातक एवं शिक्षक क्षेत्र के निमित निर्वाचक सूची की तैयारी हेतु जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में निर्वाचक सूची की तैयारी के कार्यक्रम के संबंधित में के बारे में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। उन्हें कार्यक्रम की प्रति, अनुबंध "क" एवं "ख" में सूचना की प्रति उपलब्ध करायी गई। साथ ही, निर्वाचक सूची से संबंधित प्रारूप 18 एवं 19 की प्रति भी उन्हें उपलब्ध कराया गया। उपस्थित जन प्रतिनिधियों को निर्वाचक सूची से संबंधित आवश्यक जानकारी विस्तार से दिया गया।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**रोहतास।** जिले के कोचस प्रखंड क्षेत्र के नारायणपुर गांव में शनिवार की सुबह एक युवक की मौत धारा प्रवाहित विद्युत तार के चपेट में आने से हो गई है। मृतक की पहचान बिपिन सिंह के बेटे ओमप्रकाश सिंह (30 वर्षीय) के रूप में हुई। सूत्रों के अनुसार मृतक अपने घर में बजली की वायरिंग के तार का मरम्मत कर रहा था। इसी क्रम में वह नंगे विद्युत तार के संपर्क में आ गया। उसके चिल्लाने पर घर के सदस्य अभी कुछ समझ पाते तबतक वह गंभीर रुप से घायल होकर वहीं गिर पडा.। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में युवक को लेकर सीएचसी, कोचस पहुंचे। सीएचसी चिकित्सक डॉ अखिलेश कुमार ने बताया कि युवक काफी गंभीर हालत में यहां लाया गया था, तत्काल उसे आक्सीजन देने के बाद इलाज शुरू किया गया था। लेकिन इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

## चरपोखरी के मानसागर के समीप मछली पकड़ने गये युवक की पीट-पीटकर हत्या, एक गिरफ्तार

- घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटी पुलिस, कराया पोस्टमार्टम

**केटी न्यूज/आरा(चरपोखरी)**

जिले के चरपोखरी थाना अंतर्गत मानसागर बनास नदी के किनारे मछली पकड़ने गये एक युवक की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। वह शुक्रवार की रात मछली पकड़ने गया था। उसका शव शनिवार की सुबह बरामद किया गया। मृतक बगही टोला निवासी स्व. स्वरूप चौधरी के पुत्र बैजनाथ चौधरी (45 वर्षीय) था।? हत्या की खबर से इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हत्या का कारण मछली मारने का विवाद बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वह उसी गांव का ही धरीक्षण चौधरी बताया जा रहा है। इसे लेकर मृतक बैजनाथ चौधरी की पत्नी के बयान पर छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। घटना के संबंध में उसके पुत्र धनंजय चौधरी ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम उसके पिता गांव के ही कुछ लोगों के साथ मछली पकड़ने के लिए मानसागर गांव स्थित बनास नदी किनारे की ओर गये थे। वहां किसी बात को लेकर उन लोगों के बीच कुछ कहासुनी हुई। उसके बाद लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी गयी। शनिवार की सुबह गांव के कुछ लोग नदी किनारे गये, तो उसके पिता को मृत पड़ा देखा। उसके बाद घटना की सूचना मिली। उसने गांव के ही धरीक्षण चौधरी सहित अन्य लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने आरोपितों से पूर्व से किसी तरह की दुश्मनी से इनकार किया है। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि छानबीन की जा रही है। शुरूआती जांच में मछली पकड़ने के विवाद में ही हत्या की बात सामने आ रही है।

## जमीन विवाद को लेकर दालान में सो रहे रिटायर कर्मी को अपराधियों ने मारी गोली, पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना अंतर्गत पीलापुर गांव में शुक्रवार की देरात अपराधियों ने दालान में सो रहे एक रिटायर बीएसएनएल कर्मी को को गोली मार दी। उनको करीब से गोली मारी गयी है, जो दाहिने साइड पंजड़ी में लगी। इसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आरा सदर में इलाज के बाद उन्हे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी रिटायर कर्मी पीलापुर गांव निवासी स्व. केदार भगत के 60 वर्षीय पुत्र हरेराम पाल हैं। वह बीएसएनएल में टेलीकॉम टेक्निशियन के पद पर कार्यकर्ता थे। वर्ष 2020 में उन्होंने वीआरएस ले



लिया है। घटना का कारण जमीन का विवाद बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजीव कुमार मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात वह अपने दालान में सो रहे थे। तभी हथियारबंद अपराधी पहुंच गए और पीछे से उन्हें गोली मार दी।

- **एसपी बोले:** शुरूआती जांच में जमीन विवाद की बात, छानबीन कर रही पुलिस

गोली मारने के बाद बदमाश दौड़ कर भाग निकले। उसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। इधर, एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि जख्मी कमी के बयान और शुरूआती जांच में जमीन का विवाद सामने आया है। पूरी छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि कर्मी के बयान के अनुसार रिटायर कर्मी चचेरे भाई के साथ सो रहे थे। घटना में दो अपराधी शामिल थे। दोनों की पहचान की जा रही है।

इधर, जबकि जख्मी रिटायर बीएसएनएल कर्मी हरेराम पाल की बेटी मीरा कुमारी ने बताया कि कुछ वर्षो से गांव की दो लोगों से करीब आठ कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। उसके पिता द्वारा उस जमीन पर घर बनाया जा रहा है। उसको लेकर करीब आठ दिन पूर्व उन लोगों के साथ कहासुनी भी हुई थी। तब उनलोगों बता देने की धमकी भी दी गयी थी। इस बीच शुक्रवार की रात उसके दालान में सो रहे थे। तभी हथियारबंद अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी।

## अभिभावकगणों के प्रति यथोचित सम्मान के भाव को भूलते जा रहे हैं लोग

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित बुनियाद केन्द्र में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए वृद्धजनों का सम्मान किया गया। उनके साथ बातचीत करते हुए बुनियाद केंद्र और सामाजिक सुरक्षा के सभी योजनाओं के बारे के उन्हें विस्तार से अवगत कराया गया। इस दौरान बुजुर्गो के समक्ष आने वाली परेशानियों व समस्याओं को भी नोट किया गया। ताकि, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाया जा सके। बुजुर्गजनों ने अपने शब्दों में यह व्यक्त किया कि आज के परिवेश में जहां आधुनिकता के भंवर में फंसकर लोग अपने संस्कारों और अभिभावकगणों के प्रति यथोचित सम्मान के भाव को भूलते जा रहे हैं, वहां ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन एक

**बुजुर्गों को भेंट किए गए उपहार, साथ ही मनोरंजक खेल का हुआ आयोजन**

सार्थक प्रयास है, जो आशा की किरण के समान है। लोगों को यह समझना होगा कि बुजुर्गों के अनुभव से वो बहुत कुछ सीख सकते हैं। हम युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। हमारा अनुभव उनके जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। युवा किसी भी प्रकार के कार्य के लिए अपने बुजुर्गों से विचार-विमर्श कर सकते हैं, जिससे उन्हें सही मार्गदर्शन मिल सकता है। हम आज की पीढ़ी को सही रास्ता दिखाकर उन्हें गलत रास्ते पर जाने से बचाते है। इस आयोजन के माध्यम से बुनियाद केन्द्र की पूरी टीम के प्रति भी बुजुर्गजनों में एक अत्यंत प्रेमपूर्ण संकल्पना दृष्टिगोचर हुई। कार्यक्रम के दौरान सभी बुजुर्गों को सम्मानस्वरूप उपहार भेंट किए गए ।

## मास्क, वैक्सीन और दूरी का मंत्र अपनाकर पंडालों की करें सैर, रहें सुरक्षित

# पर्व–त्यौहारों पर सतर्कता से आनंद उठाये श्रद्धालु

**केटी न्यूज/भभुआ**

नवरात्र की शुरूआत के साथ खुशियां अपने आगमन का संकेत दे रही है। दशहरा, दीपावली व लोक आस्था के त्यौहार छठ को लेकर लोग घर आने वाले अपनों के इंतजार में हैं। बाजार में खरीदारी कर रहे और मिलने जुलने वालों के स्वागत की तैयारी में भी जुटे हैं। लेकिन यह ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि कोविड संक्रमण काल से पूर्व की तरह इस बार की दीपावली बिल्कुल अलग है। इन त्यौहारों को कई मायनों में हमें खास बनाना होगा। अभी के दौर में कोविड-19 के संक्रमण का खतरा बना हुआ है और सरकार हमें सतर्कता के साथ त्यौहार का आनंद उठाने की सलाह दे रही। थोड़ी सतर्कता एवं सावधानी से हम संक्रमण मुक्त रह सकते एवं त्यौहार



की खुशी लोगों के साथ साझा कर सकते हैं। इसमें विशेषकर हाथ धोने, मास्क पहनने और 6 फीट की दूरी रखने जैसे नियमों का पालन जरूरी है।

**दवा, वैक्सीन और दूरी का मंत्र अपनाकर रहें सुरक्षित :** सिविल सर्जन डॉ. मीना कुमारी ने बताया त्यौहार के सीजन में सतर्कता ही सुरक्षा है। कोविड टीका का बूस्टर डोज अनिवार्य रूप से लेकर ही आने वाले त्यौहार का आनंद लें। पूर्ण रूप से टीकाकृत होकर सभी संक्रमित होने से बच सकते और समुदाय को भी संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। इस समय सभी जगह अत्यधिक भीड़ देखी जा रही और यह संक्रमण को आमंत्रण दे सकती है। लोगों को हर हाल में दवा और दूरी के मूलमंत्र को अपनाना होगा और तमाम कामों के साथ कोविड सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करना पड़ेगा। तभी हम खुशियों को खुद से और सभी से साझा कर सकते हैं।

**मास्क और सेनिटाइजर के साथ करें पंडालों की सैर:** सिविल सर्जन ने बताया सैनिटाइजर और मास्क के साथ ही घर से बाहर किसी भी काम के लिए निकलें। आने वाले त्यौहार में लोगों के एक जगह इकट्ठा होने की पूरी संभावना है। ऐसे में मास्क, सेनिटाइजर और दो गज की दूरी का पालन जरूर करें। यह कोरोना से बचाव में सबसे उपयोगी साबित हो सकती है। मास्क इस समय सर्दी, प्रदूषण और कोरोना तीनों से बचाव कर सकता है। इसलिए घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग जरूर करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरतें।

**स्वास्थ्य विभाग है अलर्ट :** सिविल सर्जन ने बताया कोरोना टेस्ट ज्यादा किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने पूरे अमले को व्यवस्था दुरुस्त रखने और ड्यूटी पर मुस्तैदी के निर्देश दिए हैं। भीड़भाड़ वाले पूजा पंडालों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन सहित कोरोना जांच की जाएगी और जांच में भी तेजी लाने को कहा गया है। किसी प्रकार से कोरोना की स्थिति या संदेह उत्पन्न होने पर निकट के सरकारी अस्पतालों में संपर्क कर सकते हैं। सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड में रखा गया है और कोरोना जांच के साथ समुचित चिकित्सीय प्रबंधन की व्यवस्था की गयी है।

## शहर छोटी खबरें

### बलिहार में नहीं थम रही शराब तस्करी

**सिमरी।** शराब व मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात सिमरी थाना क्षेत्र के बलिहार गांव में शराब कारोबारी अपने कारगुजारियों से बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी इस गांव का शराब व गांजा के धंधे से पीछा नहीं छूट रहा है। शनिवार को भी स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर बलिहार महादलित बस्ती के एक घर में छापेमारी कर 15 लिटर देशी महुआ शराब के साथ करोबारी चंद्रदेव नट को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष सुनील निर्झर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी किया गया था। उन्होंने कहा कि धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है।

### चिन्हित उपद्रवियों पर गुंडा ऐक्ट व 107 लगाने भेजा प्रस्ताव

**डुमरांव।** दशहरा मेला तथा आगामी नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए पुलिस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में अनुमंडलभर के सभी थाना क्षेत्रों में चिन्हित लोगों पर गुंडा एक्ट तथा निशोधात्मक कार्रवाई के तहत 107 लगाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। विभिन्न थाना क्षेत्रों से मिले फिडबैक के आधार पर डुमरांव के प्रभारी एसडीपीओ कुमार वैभव ने 101 लोगों पर गुंडा ऐक्ट लगाने तथा 1632 पर 107 लगाने का प्रस्ताव वरीय पदाधिकारियों के पास भेजा है। वरीय पदाधिकारियों की स्वीकृति मिलने के बाद उनपर गुंडा एक्ट तथा 107 लगा दिया जाएगा। पुलिस अबतक 682 लोगों को 107 का नोटिस भी थमा चुकी है। एसडीपीओ कुमार वैभव ने बताया कि थानाध्यक्षों ने ऐसे लोगों को चिन्हित किया है जिन पर दशहरा मेला या निकाय चुनाव में गड़बड़ी फैलाने की आशांका है।

### सिमरी बाजार में सड़क किनारे सजती हैं दुकानें, लगता है जाम

**डुमरांव।** स्थानीय बाजार पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में है। इसके चलते हर किसी को जाम सहित विभिन्न परेशानियों से जूझना पड़ता है। बाजार की हालत ऐसी है कि यदि दोपहर से लेकर शाम तक यदि बड़े वाहनों को बाजार से होकर गुजरना होता है तो जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लोगों ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई।

# दुर्गापूजा... कल से बक्सर में तीन बजे के बाद नहीं चलेंगे तीन व चार पहिया वाहन



- दशहरा मेला के कारण प्रशासन ने बक्सर में वन वे ट्रैफिक नियम में किए बदलाव
- सदर एसडीओ ने थानाध्यक्षों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला प्रशासन ने चार दिवसीय दशहरा मेला के मद्देनजर वन वे ट्रैफिक व्यवस्था में कई बदलाव किए हैं। इस बदलाव में बाइक चालकों को दशहरा मेला में आवश्यक सामानों की खरीददारी के लिए विशेष छूट मिली है। यह छूट सिर्फ दशहरा मेला तक ही दी जाएगी। इसके बाद फिर से वन वे ट्रैफिक नियम प्रभावी हो जाएंगे। जबकि तीन अक्टूबर से मेला के दौरान विधि व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन द्वारा जारी निर्देश में बताया गया है कि हेलमेट जांच लगातार जारी रहेगा। लहरिया कट चालकों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। महिलाओं से छिनतई रोकने के लिये सादे लिबास में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पेट्रोलिंग के लिए बाइकर जवानों की पर्याप्त तैनाती की जाएगी। 3-6 अक्टूबर तक भारी वाहनों का परिचालन दोपहर 12 बजे से रात 2 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। 3-5 अक्टूबर तक सभी तीन एवं चार पहिया वाहनों का परिचालन अपराह्न 3 बजे के बाद बंद हो जाएगा। 3-5 अक्टूबर तक 4 बजे के बाद सभी दोपहिया वाहनों का परिचालन बंद रखा जाएगा। जिसको लेकर सदर एसडीओ ने जिला मुख्यालय अंतर्गत थानाध्यक्षों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की।

### जबरन चंदा वसूलनेवालों पर होगी कार्रवाई : डीएम

वहीं, डीएम अमन समीर एवं एसपी नीरज कुमार सिंह ने विधि-व्यवस्था संधारण हेतु संयुक्त ब्रीफिंग की। इस दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि जबरन चन्दा वसूलने वाले शरारती तत्वों पर पुलिस कड़ी निगरानी रखे। उन पर कार्रवाई करे। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन मार्गों से जुलूस होकर जाना प्रस्तावित है, उन मार्गों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को भी जुलूस लाइसेंस की शर्तें, रूट चार्ट, समय आदि की पूरी जानकारी होनी चाहिए। किसी भी तरह की अशांति की सूचना प्राप्त होते ही इसकी जानकारी संबंधित थानाध्यक्ष, सीओ एवं बीडीओ के माध्यम से जिला दण्डाधिकारी/पुलिस अधीक्षक/एसडीओ को देना सुनिश्चित करें।

### नियंत्रण कक्ष का हुआ गठन 06183-223333 डायल करें

विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बक्सर स्थित समाहरणालय परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। इस पर संपर्क करने के लिए नंबर जारी किया गया है। इसका नंबर है। 06183-223333 है। जिला नियंत्रण कक्ष के सम्पूर्ण प्रभार में आईसीडीएस की डीपीओ तरणि कुमारी (मो0 9431005024) एवं सामाजिक सुरक्षा कोषांग की सहायक निदेशक पूनम कुमारी (मो0 8544428509, 7654530177) रहेंगी। डीएम ने कहा कि प्रतिनियुक्त किये गये दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को यह व्यक्तिगण जिम्मेवारी होगी कि वे अपने-अपने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सदभाव को बनाये रखने में तत्परता बरतेंगे तथा एक दूसरे के साथ निकट सम्पर्क रखेंगे।

### सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का ईओ को निर्देश

डीएम ने बक्सर व डुमरांव नगर परिषद के ईओ को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण दुर्गा पूजा की अवधि में पूरे नगर क्षेत्र की साफ-सफाई की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे तथा स्वयं घुमकर इसकी निगरानी करेंगे। मेला अवधि में बक्सर एवं डुमराँव नगर की साफ-सफाई की जिम्मेवारी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर एवं डुमरांव की होगी। जबकि पीएचईडी विभाग को पेयजल की व्यवस्था दुरूस्त रखने का निर्देश दिया गया। जबकि जिले के दोनों नगर परिषद के प्रशासकों को रौशनी की व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश भी दिया गया है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मेला के दौरान चिकित्सकों तथा जीवन रक्षक दवाओं के साथ ही एंबुलेंस वाहन को तैनात रखना है।

## बिहार व यूपी में दर्ज है आधा दर्जन मर्डर के केस

# पहचान छिपाने के लिए नाम बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था मुन्ना राजभर

- आतंक का पर्याय रहे सुरेश राजभर का भाई है मुन्ना राजभर

**केटी न्यूज/बक्सर**

राजपुर ट्रिपल मर्डर समेत बिहार व यूपी में आधा दर्जन हत्यों का आरोपी तथा पचास हजार का ईनामी मुन्ना राजभर अपनी पहचान छिपाने के लिए नाम बदलकर जीवन गुजार रहा था। वह पुलिस से बचने के लिए दिल्ली में मायाशंकर राम पिता रामचंद्र राम के नाम से रह रहा था। इसी नाम पर उसने आधार कार्ड, पैन कार्ड, डीएल, वोटर आईडी कार्ड, बैंक पासबुक तथा एटीएम भी बनवा लिए थे। जिसमें पता भी दिल्ली अशोक नगर इलाके का दर्ज था। शुक्रवार की रात पुलिस ने जब उसके एक सहयोगी के साथ उसे पकड़ा तो वह पहले पुलिस को चकमा देने के लिए मायाशंकर राम से बने अपने कई कागजातों को दिखाया। लेकिन पुलिस के पास भी पक्की सूचना थी कि यह राजपुर के ट्रिपल मर्डर कांड का मुख्य अभियुक्त तथा बिहार के दुर्दांत नक्सली रहे सुरेश राजभर का भाई मुन्ना राजभर है। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों से उसकी पहचान मुन्ना राजभर के रूप में करवाई। तब जाकर वह अपनी असली पहचान बताया। उसके साथ राजपुर थाना क्षेत्र के घरारी गांव का अजय कुमार पांडेय भी पकड़ा गया है। दोनों के पास से दो लोडेड पिस्टल तथा 12 गोली, मोबाईल व मायाशंकर राम के नाम से बने आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, डीएल आदि कागजात भी मिले है। शनिवार को एसपी नीरज कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी है।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते एसपी

**गुप्त सूचना पर लक्ष्मणपुर डेरा गांव के पास से गिरफ्तार हुआ कुख्यात अपराधी :** एसपी ने बताया कि राजपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि सात वर्ष पूर्व पुलिस मुठभेड़ में मारे गए कुख्यात नक्सली सुरेश राजभर का भाई तथा आधा दर्जन हत्याकांडो का इनामी अपराधी मुन्ना राजभर लक्ष्मणपुर डेरा गांव में आया हुआ है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने तत्काल वरीय पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद बक्सर सदर एसडीपीओ गोरख राम के नेतृत्व में लक्ष्मणपुर डेरा के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें राजपुर थानाध्यक्ष के अलावे बक्सर डीआईयू प्रभारी राजेश मालाकार, रंजीत कुमार, कृष्णा सिंह तथा उमाशंकर जैसे तेजतर्रार पुलिस पदाधिकारियों के साथ पुलिस के जवान थे। इसी दौरान शाम करीब सात बजे वह गांव की तरफ से एक बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसकी घेराबंदी कर पकड़ा तो पहले तो वह अपना परिचय मायाशंकर के रूप में देने लगा। लेकिन स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने उसकी पहचान सुनिश्चित कर ली।

**प्रतिशोध में किया था तीन लोगों की हत्या:** कुख्यात सुरेश राजभर के पुलिस मुठभेड़ में ढेर होने के बाद मुन्ना राजभर ने प्रतिशोध में 13 अप्रैल 2017 को लक्ष्मणपुर डेरा गांव के रामबच्चन राय व संतोष राय समेत तीन लोगों को गोलियों से भून दिया था। उस पर राजपुर थाने में चार तथा उत्तर प्रदेश के सोहवल तथा दिलदारनगर थाने में हत्या का एक-एक समेत कुल छह मामले दर्ज है। एसपी नीरज कुमार ने उसे गिरफ्तार करने वाली टीम को बधाई देने के साथ ही इसे पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है।

## एक नजर

### बीपीएस हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के डांडिया नृत्य ने लोगों का मोहा मन



**नावानगर।** नावानगर प्रखंड के बीपीएस हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। डांडिया नृत्य का आयोजन दुर्गा पूजा महोत्सव के उपलक्ष्य में किया गया था। जिसका उद्घाटन विद्यालय के डायरेक्टर ई दीपक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में डायरेक्टर ने कहा कि नवरात्र को लेकर विद्यालय के छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस नृत्य के माध्यम से छात्रों ने अपनी मिट्टी की गौरव व संस्कृति तथा गौरवशाली परंपराओं का बखूबी प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम में हमारी सांस्कृतिक एवं सभ्यता झलकती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रिंसिपल डा के के उपाध्याय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर मंजू कुमारी, चंदा कुमारी, भाग्यश्री केसरी, मारुति नंदन समेत विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मी मौजूद थे।

### फ्लैग मार्च निकाल प्रशासन ने भयमुक्त वातावरण में दशहरा मेला मनाने का दिया संदेश



**बक्सर।** दशहरा मेला शुरू होने के पूर्व संध्या पर बक्सर में पुलिस व प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाल लोगों को भयमुक्त माहौल में दुगार्पूजा मनाने तथा मेला घुमने का संदेश दिया। मॉडल थाने से निकले फ्लैग मार्च का नेतृत्व बक्सर सदर एसडीओ धीरेन्द्र मिश्र व एसडीपीओ गोरख राम, नगर थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार, ट्रैफिक इंचार्ज मुकेश कुमार, सदर प्रखंड के बीडीओ दीपचंद्र जोशी आदि ने किया। यह फ्लैग मार्च नगर थाने से निकलने के बाद पूरे शहर में भ्रमण कर लोगों को भयमुक्त व भाईचारे के माहौल में दशहरा मनाने का संदेश दिया। एसडीओ ने लोगों से भयमुक्त हो त्योहार मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल रहे। सदर एसडीपीओ गोरख राम ने कहा कि मेला के दौरान शरारती तत्वों तथा मनचलों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि मेला में गड़बड़ी फैलाने वालों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। वही नगर थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने कहा कि पुलिस उपद्रवी तत्वों से निपटने के लिए मुश्तैद है। उन्होंने कहा कि मेला की निगरानी के लिए वाच टॉवर बनेगा तथा जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है।

### युवाओं को प्रेरित करने की अपील के साथ एसडीओ ने वरिष्ठ मतदाताओं को किया सम्मानित



**डुमरांव।** शनिवार को वृद्धजन दिवस के मौके पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अनुमंडल निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ कुमार पंकज ने डुमरांव के अस्सी वर्षो से ऊपर के चार वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किया। उन्हें सम्मानित करने के साथ ही एसडीओ ने उनसे युवा मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करते रहने की अपील भी की। एसडीओ ने कहा कि वरिष्ठ मतदाता लोकतंत्र के मजबूत प्रहरी हैं। उनके बदौलत ही हमारा लोकतंत्र मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ मतदाता कई सामाजिक, राजनैतिक और प्रौद्योगिकी के बदलाव के गवाह हैं। इसके साथ ही एसडीओ ने वरिष्ठ मतदाताओं को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष के ऊपर के वरिष्ठ मतदाताओं तथा 40 वर्ष से अधिक निःशक्तता वाले मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हीलचेयर, रैंम, स्वयं सेवकों, आने जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा तथा कतार रहित मतदान की व्यवस्था किया गया है। इसके अलावा ऐसे वरिष्ठ मतदाता जो चल फिर नहीं सकते हैं वे घर बैठे फार्म 12 भरकर भी मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। जिन वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किया गया उनमें डुमरांव वार्ड 22 के बलराम दास के गली निवासी खिचड़ी राम 87 वर्ष, वार्ड 10 स्थित भीरुंग कमकर की गली निवासी 84 वर्षीय पवित्र देवी, वार्ड 17 के जंगल बाजार रोड निवासी 84 वर्षीय सत्यनारायण प्रसाद तथा वार्ड 22 के कुंज बिहारी की गली निवासी 82 वर्षीय रामकिशुन यादव शामिल है। एसडीओ ने इन्हें सम्मानित करने के बाद कहा कि मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। सभी मतदाताओं को निश्चित रूप से मतदान करना चाहिए।

## नगरा सर्किल के कानूनगो के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया सर्च वारंट

**केटी न्यूज /बलिया**

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम शंभावी यादव ने खतौनी में जालसाजी करने के आरोप में तत्कालीन लेखपाल और वर्तमान में नगरा सर्किल के कानूनगो अजीत कुमार सिंह के विरुद्ध सर्च वारंट जारी किया है। कोर्ट के इस आदेश से राजस्व विभाग में हडकंप मचा है। बताया जाता है कि उरैनी निवासी प्रभात कुमार तिवारी, हरिश्चन्द्र तिवारी व उरैनी के तत्कालीन लेखपाल अजीत कुमार सिंह ने मिलकर दो अक्टूबर 2004 को देव भूषण तिवारी की रजिस्टर्ड वारिस सत्य रंजन तिवारी के साथ-साथ मनोरंजन तिवारी का नाम अंकित कर दिया था। जबकि सत रंजन तिवारी का नाम दो अक्टूबर 1997 को ही दर्ज हुआ था। जबकि, मनोरंजन तिवारी की मृत्यु सन 1968 में हो चुकी थी। मुकदमा वादी प्रमोद कुमार तिवारी ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी रसड़ा को प्रत्यावेदन देकर जांच करने की मांग की थी। बाद में न्यायालय के आदेश पर रसड़ा कोतवाली में मुकदमा नंबर 3021/08 धारा 419, 420. 467, 468, 471 मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके पहले अभियुक्तगण हरिश्चन्द्र तिवारी प्रभात कुमार तिवारी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट भी जारी हुआ था। जिसमें उपरोक्त अभियुक्तगण जमानत करा लिए थे। इसी प्रकरण में उच्च न्यायालय में भी प्रभात कुमार तिवारी और हरिश्चन्द्र तिवारी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला चल रहा था। उच्च न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध 10000/ रुपये का जुमार्ना लगाया है।



बलिया कोर्ट

## 02 गया स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन की सूची बनाने की तैयारी शुरू

**केटी न्यूज/बक्सर**

अर्हता तिथि 01 नवम्बर 2022 के आधार पर 02 गया स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निमित निर्वाचक सूची की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसके लिए शनिवार को डीएम अमन समीर की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष व सचिव के साथ समाहरणालय बक्सर परिसर स्थित सभाकक्ष में बैठक हुई। इस दौरान बक्सर जिलान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष व सचिव के साथ बैठक आयोजित कर डीएम ने 02 गया स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन हेतु सूची की तैयारी का कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। सभी आवेदक एक अक्टूबर से सात नवम्बर 2022 तक अपना आवेदन संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या पदाभिहित पदाधिकारी के समक्ष जमा किया जायेगा। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक सूची में शामिल होने के लिए आवेदक को फार्म-18 में अपेक्षित दस्तावेज व प्रमाण पत्र के साथ आवेदन समर्पित करना होगा। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक सूची में शामिल होने के लिए आवेदक को फॉर्म-19 में अपेक्षित दस्तावेज व प्रमाण पत्र के साथ आवेदन समर्पित करना होगा।



# 8 अक्टूबर से चलेगा कुष्ठ रोगी खोजी अभियान : डॉ. शालिग्राम

- कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, बचाव, उपचार एवं मरीजों को पहचान के लिए आशाओं को दिया गया प्रशिक्षण
- मरीजों की पहचान करने के साथ इलाज कराने के लिए किया जाएगा प्रेरित

**केटी न्यूज/बक्सर**

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में आठ से 17 अक्टूबर तक कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत जिले के सभी प्रखंडों में वार्डवार एक-एक मरीजों की पहचान कर उन्हें इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन को लेकर जिले की आशा कार्यकताओं समेत अन्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस क्रम में सदर प्रखंड अंतर्गत सभी आशा फैसिलिटेटर व कार्यकताओं का प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन जिला कुष्ठ निवारण पदाणिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने स्वयं आशा कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया। इस दौरान उन्होंने आशा कार्यकताओं को कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, बचाव, उपचार एवं मरीजों की कैसे पहचान करें समेत अन्य आवश्यक और जरूरी जानकारी दी। ताकि प्रशिक्षित कर्मी आसानी के साथ मरीजों की पहचान कर उन्हें इलाज कराने के लिए प्रेरित कर सकें और अभियान का सफल संचालन सुनिश्चित हो सके। मौके पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुधीर कुमार, पारा मेडिकल वर्कर नागेश दत्त पांडेय, बीईई मनोज चौधरी, बीएमईओ रवि श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण में आशाओं को जानकारी देते स्वास्थ्य अधिकारी

**अभियान के दौरान दो तरह के मरीज मिलने की रहती है संभावना :** डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, कुष्ठ रोगी खोज अभियान काफी आसान है। इस दौरान दो तरह के मरीज मिलने की संभावना रहती है। पहला पीबी यानी जिस मरीजों को एक से दो जगह पर बीमारी की विकृति है, उन्हें 06 माह और दूसरा एमबी यानी जिन्हें दो से अधिक जगहों पर बीमारी की विकृति है, उन्हें 09 माह तक दवाई का सेवन करना जरूरी है। तभी बीमारी को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाता है। वहीं, उन्होंने बताया, सामान्य मरीजों के लिए पीएचसी स्तर पर समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध है। जबकि, गंभीर मरीजों को जिला स्तरीय अस्पताल भेजा जाता है।

**सभी प्रखंडों की आशा कार्यकताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण :** डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, यह प्रशिक्षण निर्धारित तिथि के अनुसार जिले में बारी-बारी से सभी प्रखंडों की आशा कार्यकताओं को दिया जा रहा है। जिसके बाद आशा कार्यकताओं के नेतृत्व में एक-एक टीम कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के तहत घर-घर जाकर मरीजों की पहचान करेंगी और संबंधित मरीजों को इलाज कराने के लिए प्रेरित करेंगी। यही नहीं, इलाज के लिए स्वास्थ्य संस्थान जाने में आवश्यक और जरूरी सहयोग भी करेंगी। साथ ही, अभियान का प्रतिदिन अनुश्रवण किया जाएगा। इसलिए सभी आशा फैसिलिटेटर की जिम्मेदारी होगी कि वो प्रतिदिन की रिपोर्ट शाम में संबंधित पीएचसी को उपलब्ध कराएं। ताकि, अभियान की मॉनिटरिंग भी साथ-साथ सुगमता से हो सके।

## शहर छोटी खबरें

### फंदे से लटकता मिला नवविवाहिता का शव



**बांसडीह।** जिले के बांसडीह थाना अंतर्गत दादर गांव में शुक्रवार को नव विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंचे सीओ राजेश तिवारी व कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के दादर गांव के अब्दुल्लापुर निवासी 20 वर्षीय पूनम देवी की शुक्रवार को फंदे से लटकता शव मिला। बताया जाता है कि टुन्नू गोड़ की पत्नी पूनम का परिवार में विवाद चल रहा था। घर के सदस्य जब खेतों में काम करने गये थे इस दौरान ही घर में ही पूनम फंदे पर लटकी हुई थी। घर पंहुचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पंहुचे पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी ,कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने पूनम का शव फंदे से उतरवाकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। मनियर थाना क्षेत्र के अजनेरा गांव निवासी हरिशंकर गोंड की पुत्री पूनम की शादी एक साल पहले ही टुन्नू के साथ हुयी थी। पुलिस मामले की जांच कर रहीं हैं।

### किशोरी के साथ दुराचार आरोपी गिरफ्तार

**बांसडीह।** जिले के बांसडीह थाना अंतर्गत एक गांव में शुक्रवार की देर शाम दलित किशोरी के साथ दुराचार का मामला सामने आया हैं। पुलिस ने किशोरी की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ दुराचार व एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया हैं। कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पीड़ित किशोरी ने आरोप लगाया हैं कि वह घर से खेत जा रही थी। तभी गांव का ही एक युवक जबरदस्ती गन्ने के खेत में खींच ले गया। विरोध करने पर मारा-पीटा और दुराचार किया। कोतवाल ने बताया कि आरोपी युवक गांव से फरार हैं। पुलिस तलाश में जुटी है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### अधिवक्ता से बदमाशों ने लूटे बाइक व मोबाइल

**रसड़ा।** शुक्रवार की देर शाम कचहरी से वापस लौट रहे अधिवक्ता से बाइक सवार हथियारबंद बदमाश बाइक व मोबाइल लूटकर फरार हो गये। घटना की खबर मिलते ही पहुंची पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के निकासी निवासी अधिवक्ता सुरेंद्र भारद्वाज जिला मुख्यालय पर प्रैक्टिस करते हैं। वह गांव से बाइक से स्थानीय बाजार में आने के बाद गाड़ी को कहीं रख देते थे। इसके बाद सवारी वाहन से बलिया जाते और आने के बाद बाइक लेकर गांव जाते थे। घटना की शाम भी वह घर जा रहे थे, जहां मलप पुलिया के पास मौजूद बदमाशों ने घेर लिया तथा हथियार के बल पर बाइक व मोबाइल लेकर फरार हो गये। इसकी खबर मिलते ही सीओ रसड़ा एसएन वैस, एसओ देवेंद्र नाथ दूबे आदि पहुंच गये। पुलिस अधिवक्ता की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन करने में जुट गई।

# मंचन : राधा का रूप देख खुशी से खिल उठती हैं मैया यशोदा, कान्हा से कर देती हैं सगाई

- विजयादशमी महोत्सव के 14वें दिन 'सुग्रीव मित्रता व बाली वध' सहित 'श्री श्याम सगाई' लीला का हुआ मंचन

**केटी न्यूज/बक्सर**



श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मैदान स्थित विशाल मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान शनिवार को चौदहवें दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मण्डल श्री श्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्री नन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला के दौरान 'श्याम सगाई' नामक प्रसंग का मंचन किया गया। इसमें दिखाया गया कि श्रीकृष्ण खेलते-खेलते नंदगांव के बाहर चले जाते हैं। वहां एक वृक्ष के नीचे वह राधा रानी को देखकर मोहित हो जाते हैं। वह उनके समीप जाकर उनका नाम और पता पूछते हैं। वहां दोनों एक दूसरे से परिचय करते हैं और फिर वह गेंद का खेल खेलते हैं। कुछ समय खेलने के पश्चात राधा अपने गांव को लौटती हैं। श्रीकृष्ण राधा को नंद गांव आने का न्योता देकर अपने घर लौट आते हैं। कुछ समय पश्चात राधा रानी अपनी सखियों को साथ लेकर नंदगांव खेलने के लिए पहुंचती हैं, जहां श्रीकृष्ण राधा को अपने घर लेकर आते हैं और अपनी मैया से मिलाते हैं। मैया राधा की छवि को देखकर मोहित होती है, वहां राधा जी मैया को अपना परिचय देते हुए बताती हैं कि मैं राजा वृशभान की पुत्री हूं और मेरी माता का नाम कीरत है। यह सुनकर मैया खुश हो जाती हैं और राधा का सुंदर श्रृंगार करके उनके आंचल में गोद भर देती हैं और कन्हैया की सगाई पक्की हो जाती है। इस दृश्य को देख श्रद्धालु रोमांचित हो श्रीकृष्ण का जयकारा लगाते हैं।

**ब्राह्मण का रूप धारण कर श्रीराम व लक्ष्मण का परिचय जानते हैं वीर हनुमान :** वहीं देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान सुग्रीव मित्रता, बाली वध के प्रसंग का मंचन करते हुए दिखाया गया कि माता शबरी श्रीराम,लक्ष्मण से बताती हैं कि यहीं से कुछ दूर ऋषिमूक नामक पर्वत है, जहां पर महाराज सुग्रीव और उनकी सेना रहती है, जो सीता का पता लगाने के लिए अवश्य ही आपकी मदद करेगी। किष्किंधा का पता चलने के बाद भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण मार्ग में आगे बढ़ते हैं। जहां वे पर्वत पर पहुंचते हैं। इधर सुग्रीव अपने शुभचिंतकों सहित पर्वत के शिखर पर विराजमान होते हुए दूर से तपस्वियों को आते देख श्री हनुमान जी को उनका पता लगाने भेजते हैं। हनुमान ब्राह्मण का रूप धारण कर उनसे परिचय जानते हैं और काफी प्रसन्न होते हैं। वह श्रीराम लक्ष्मण से क्षमा याचना करते हुए उन्हें अपने कंधों पर बैठाकर महाराज सुग्रीव के पास ले जाते हैं जहां पर भगवान राम और सुग्रीव की मित्रता होती है। दोनों एक-दूसरे को अपने कष्ट बताते हैं। सुग्रीव श्रीराम से बाली के अत्याचार की बात कहते हैं। इसके बाद श्री राम मित्रता का संकल्प लेते हैं। उसके बाद बाली का वध करके सुग्रीव को किष्किंधा का साम्राज्य सौंप देते हैं। इधर राज्य मिलने के बाद सुग्रीव श्रीराम की सूध लेना भूल जाते हैं, तो लक्ष्मण जी किष्किन्धा जाकर क्रोध करते हैं। तब जाकर सुग्रीव सीता का पता लगाने बन्दर, भालुओं को भेजते हैं। सीता जी की खोज करते सभी समुद्र के करीब पहुंच जाते हैं। इस प्रसंग को देखकर श्रद्धालु रोमांचित हो जाते हैं और पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठता है। रामलीला देखने को लेकर श्रद्धालुओं के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरा परिसर भरा हुआ था।

# त्योहार में चित्कार: गाजीपुर-बलिया में पांच लोगों के मिले शव, एक की हत्या, चार डूबे

**केटी न्यूज/पूर्वांचल टीम**

बलिया व गाजीपुर जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग स्थानों पर कुल पांच लोगों का शव बरामद किया गया। इसमें एक युवक की गला काट कर हत्या कर उसका शव फेंक दिया गया था। वहीं अन्य लोगों की मौत तालाब व नदी में डूबने से हो गई। हालांकि, सभी मामलों में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं, हत्या मामले में पुलिस परिजनों के बयान के आधार पर जांच में जुट गई है।

पहली घटना बलिया के नगर थाना क्षेत्र से जुड़ी है। यहां के पोस्ता घाट पर एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मरदह थाना अंतर्गत चौबेपुर निवासी गुड्डू राजभर (35 वर्षीय) के रूप में की गई। जो अपनी सास के अंतिम संस्कार के लिए वहां पहुंचा था। जो अंतिम संस्कार के बाद गंगा में स्नान के लिए नदी में उतरा था। घटना के दौरान वहां लोगों के शोर मचाने लगे। जिसके बाद आसपास की भीड़ जुट गई। थोड़ी ही देर में गंगा की लहरों में गुड्डू राजभर समा गया। लोगों ने इसकी पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष टीबी सिंह ने बताया कि जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। जहां गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कराई जा रही है।

**दो दिन से गायब लापता वृद्ध की मंगई नदी में मिला शव:** गाजीपुर के नोनहरा थाना क्षेत्र के बौरी गांव से लापता वृद्ध का शव बीती दोपहर मंगई नदी में मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शिनाख्त की। पुलिस ने शव का कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान बौरी निवासी घरुबटोर बिंद (60 वर्ष) के रूप में की गई, जो दो दिन पहले घर से बिना कुछ बताए चले गए और तब से लापता थे। परिजनों ने गांव और आसपास इलाकों समेत रिश्तेदारी में खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार को बौरी गांव के पास मंगई नदी पुल के नीचे एक शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस ने सूचना दी। गोताखोर को बुलाकर शव निकलवाया और शिनाख्त कराई। परिजन भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## छात्र के गले व शरीर पर मिले जख्म के निशान

**गाजीपुर।** जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र के रजादी गांव के समीप स्थित एक निजी विद्यालय के पीछे बीते दिन एक युवक को शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जिसके बाद सूचना पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई। जिसकी सूचना पर पुलिस तत्काल वहां पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूछताछ के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नगर थाना अंतर्गत इधर परिजनों के रोने- बिलखने से दरवाजे पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। शहर कोतवाली के मढहुआ गांव निवासी सोनू बिंद (22 वर्षीय) है। जो लुटावन महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह बीते घटना के एक दिन पहले शाम को घर से निकाला था। लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटा। जिसके बाद घर के लोग काफी परेशान हो गए और पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। अगली सुबह रजादी गांव के लोग टहलते हुए रेलवे ट्रैक के तरफ गए, तो देखा कि एक युवक का शव पड़ा है। जिसके बाद उनको सूचना मिली। मामले में परिजनों ने युवक के किसी भी पुररानी अदावत से साफ इन्कार कर दिया है।

## आर्मी के सूबेदार की पोखरे में डूबने से मौत

**बलिया ।** नगर पंचायत चितबड़ा गांव निवासी आर्मी के सिंगनल कोर में कार्यरत सूबेदार सुनील कुमार सिंह (50 वर्षीय) की पोखरे में डूबने से मौत हो गई। घटना तब की है, जब वो बैरया पोखरे में स्नान कर रहे थे। नहाने के क्रम में उनका पैर फिसल गया, जिसके बाद पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चितबड़ागांव नगर पंचायत निवासी रिटायर्ड सूबेदार मेजर उदय भान सिंह के पुत्र सुनील कुमार सिंह पर्व को लेकर घर आए हुए थे। शनिवार को बरैया पोखरे में नहाने के लिए अपने कपड़े उतार कर मोबाइल फोन कपड़े के ऊपर रखकर सीढ़ियों के सहारे पानी में उतर कर नहा रहे थे। नहाते समय पैर फिसल जाने के कारण गहरे पानी में चले गए। जहां पानी में डूबते देख लोगों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने ही मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक निहार नंदन कुमार ने स्थानीय गोताखोर को ढूंढने के लिए पोखरे में उतारा। समाचार लिखे जाने तक गोताखोर सूबेदार को ढूंढ नहीं पाए। वहीं, इस घटना से नगर पंचायत में शोक का माहौल है।

## एक नजर

### कटहल नाले में उतराता मिला एक नवजात का शव मिलने से इलाके में सनसनी



**बलिया।** जिले के नगर थाना अंतर्गत शनिवार की सुबह कटहल नाले में एक नवजात का शव उतराता हुआ नजर आया। जिसके बाद नहर के पास बने मार्ग पर लोग उसे देखने के लिए जुटने लगे। जिसकी सूचना पुलिस को भी मिल गई। मामले की जानकारी होते ही नगर थानाध्यक्ष जवानों के साथ वहां पहुंचे और सबसे पहले ट्रैफिक को दुरुस्त कराया और उसके बाद शव को बाहर निकलवाया। नवजात का शव मिलने के बाद लोग उसे देखने के लिए जुट रहे थे। जिसे संभालने के लिए थानेदार ने सख्ती बरती और उसके बाद नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां चिकित्सकों ने बताया कि शव पानी एक दो दिन पहले ही फेंकी हुई होगी। क्योंकि पानी में अधिक देर रहने से पूरी तरह से फूल गई है। उसके बाद थानाध्यक्ष ने मामले की जानकारी एसपी राज करन नय्यर को दी। उसके बाद एसपी ने उन्हें शहर व उसके आसपास के सभी निजी स्वास्थ्य संस्थान और क्लिनकों को तलब करने का निर्देश दिया। ताकि, यह पता चल सके कि पिछले दो दिनों में किन-किन लोगों के बच्चे हुए हैं। उसके बाद उन सभी से पूछाताछ की जाएगी। जिसके बाद पता चल सकेगा कि किस कलयुगी अभिभावकों ने यह घृणित कार्य किया है।

### लापरवाही से मरीज की मौत, संचालक समेत चार पर एफआईआर

**बलिया।** रासड़ा थाना अंतर्गत कोटवारी मोड़ स्थित एक निजी नर्सिंग होम के चिकित्सकों की लापरवाही से मरीज की मौत हो गई। जिसके बाद मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने नर्सिंग होम संचालक समेत चार लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नर्सिंगे होम में महिला की हालत बिगड़ने पर उसे वाराणसी रेफर किया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। ताड़ीबड़ा गांव निवासी राम ईश्वर चंद पुत्र मक्खू प्रजापति ने तहरीर में आरोप लगाया था कि पत्नी शकुंतला देवी को पेट में दर्द होने पर गत शुक्रवार को इलाज कराने शिवम नर्सिंग होम लेकर आया। यहां के डॉ. आरके चौहान ने बताया था कि बच्चेदानी सड़ गई है। ऑपरेशन करना पड़ेगा। शनिवार की सुबह आपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के दौरान नस कटने के कारण हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने दोपहर में वाराणसी स्थित अस्पताल रेफर कर दिया। वहां भी डॉ. आरके चौहान पहुंच गए। वहां पहुंच कर सभी रिपोर्ट ले लिए। मेरी पत्नी शकुंतला देवी की मौत हो गई। उस पर पुलिस ने अस्पताल संचालक आरके चौहान, स्टाफ नर्स सोनम राजभर पुत्री राजेश राजभर, सोनी पुत्री लौहार प्रजापति, कृष्णानंद प्रजापति पुत्र सूरज प्रजापति के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 112.39 की गई स्वीकृत

**बलिया।** बसंतपुर में बन रहे जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये की धनराशि और स्वीकृत की गई है। विश्वविद्यालय में 92.39 करोड़ रुपये की धनराशि से पहले चरण में कार्य कराया जा रहा है। पहली किस्त में 15 करोड़ से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। धनराशि खत्म होने पर दूसरी किस्त के लिए मांग की गई थी। शासन ने 20 करोड़ रुपये और स्वीकृत किए हैं। अभी एक दिन पहले ही जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए थे। विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड को चुना गया है। कार्यदायी संस्था की ओर से भेजी गई डीपीआर पर शासन ने फरवरी 2021 में पहले चरण में निर्मित होने वाले भवनों के लिए 92.39 लाख रुपये की स्वीकृति दी थी। पहले चरण में प्रशासनिक भवन, एकेडमिक भवन और लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। कुलसचिव एसएल पाल ने बताया कि शासन से 20 करोड़ रुपये और जारी होने की जानकारी मिली है।

# आक्रोश...छात्रों ने दी चेतावनी, कोतवाल को बर्खास्त नहीं किया गया तो होगा आंदोलन

- जिलाधिकारी के ऑफिस के सामने खाना बनाकर खाया

**केटी न्यूज/बलिया**

छात्रों द्वारा बलिया में नगर कोतवाल को निलंबित की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन कर रहे है। दूसरे दिन जिला प्रशासन के रवैये से छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। छात्र नेताओं ने धरना स्थल पर ही भोजन बनाकर खाया और कलेक्ट्रेट में आने वाले फरियादियों, अधिवक्ताओं व पत्रकारों सहित अन्य राहगीरों को भी भोजन कराया। इस दौरान आलोक सिंह ने कहा कि असंवेदनशीलता व संवेदहीनता जिला प्रशासन को महंगा पड़ेगा। इस दौरान बैठक कर त्योहार



धरने पर बैठे छात्र व अन्य

बाद आंदोलन चलाने पर सहमति बनी। सस्पेंड न करने तक धरना चलाने की धमकी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रवि यादव ने कहा कि यदि जल्द से जल्द कोतवाल को निलंबित नही किया गया तो जिला ऐतिहासिक आन्दोलन का साक्षी होगा। रणवीर सिंह सेंगर एवं जयनेन्द्र पांडेय ने एक स्वर में कहा कि पुलिस कप्तान उनके जिलाधिकारी अपने कोतवाल को बचाने के लिए किया गया प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। आम जनमानस में प्रशासन की छवि खराब करने की कूट रचित साजिश है। छात्रों ने कहा कि हम लोग आंदोलन कोतवाल को बर्खास्तगी तक निरंतर जारी रखेंगे। धरने के दौरान छात्रनेताओं ने कहा कि जनप्रतिनिधि छात्र संघ की उपज है व छात्रसंघ स्वभिमान की इस लड़ाई में उनकी चुपी सवाल खड़ा करती है। अंत मे छात्रो ने तेजस्वी पाठक के पत्नी के स्वर्गवासी होने पर मौन रखकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया। धरने पर बैठे छात्र नेताओं में पूर्व अध्यक्ष अतुलेश यादव, नितेश सिंह, रूपेश चौबे, अमित दूबे, आलोक सिंह, कुंवर मन्नू कुमार, अजीत पासवान, नितेश यादव, अंकित पाण्डेय, ओमकार सिंह, रिशू पाण्डेय, सिन्टू यादव समेत सैकड़ो छात्र नेता मौजूद थे।

# गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर स्कूल में आयोजित हुई रूप सज्जा प्रतियोगिता

**केटी न्यूज/बलिया**

सूर्योदय पब्लिक स्कूल शिक्षा समिति द्वारा संचालित मदरसा अख्तर जहां दारुल उलूम, बहेरी में गांधी जयंती की पूर्व दिवस पर महात्मा गांधी रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन बच्चों को एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मो. शमीम खान विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद नसीम खान ने माल्यार्पण कर उनको सम्मानित किया। इस दौरान प्रबंधक मो. नसीम खान ने कहा कि महात्मा गांधी हमारे राष्ट्रपिता हैं, जिनकी दी गई कुर्बानियों को देश हमेशा याद रखेगा। वहीं, एआईएमआईएम पार्टी का प्रदेश संयुक्त सचिव मो. शमीम खान ने कहा कि महात्मा गांधी आज भी करोड़ों हिंदुस्तानियों के दिलों में



बसते हैं। अहिंसा के बल पर जिस तरह ने उन्होंने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी पूरी दुनिया ने उनका लोहा माना, उनके आदर्श आज भी पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य मुस्ताक खान, रामजी पांडेय, योगेंद्र नाथ ओझा, परमात्मानंद सिंह, हाफिज अख्तर रजा, मोहम्मद कामिल, दीपक , मुन्ना राम, अब्दुल्लाह अंसारी, मल्लिका, मोना खातून, अमीना खातून, तरन्नुम परवीन, हसरत , रेहाना खातून, शाहिद , आसिफ , महबूब खान, सफी, गुलाम मुस्तफा, महताब आलम, कालिका प्रसाद, राम कुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

# छज्जा गिरने से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**केटी/न्यूज रानीगंज**

स्थानीय बाजार में छत के छज्जा के टूटकर गिर जाने से घायल महिला की इलाज के दौरान शनिवार की सुबह वाराणसी में मौत हो गयी। इसकी जानकारी होते ही गांव-घर में मातम पसर गया। यह दुघर्टना बैरिया थाना क्षेत्र के चेता छपरा निवासी रेनू गांव में किराना की दुकान चलाती थीं। करीब एक सप्ताह पहले वह स्थानीय बाजार में खरीदारी करने आयी थी। रानीगंज बाजार के चौक के पास एक दुकान पर खड़ी होकर वह सामान खरीद रही थी। इसी बीच बंदर के कूदने से दुकान के उपर का छज्जा क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसका मलबा महिला के उपर गिर गया। सिर



में चोट लगने के कारण वह गंभीर रुप से जख्मी हो गयी। आसपास के लोगों ने सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया जहां के डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख वाराणसी भेज दिया। बीएचयू के ट्रामा सेंटर में सात दिनों तक जिंदगी के लिये संघर्ष करने के बाद उन्होंने शनिवार को दम तोड़ दिया।

## प्रवचन: सुख की इच्छा, आशा और भोग तीनों हैं संपूर्ण दुखों के कारण

# किसी भी चीज की ज्यादा इच्छा रखना ही दरिद्रता : स्वामी

**केटी न्यूज/बलिया**

पूज्य संत जीयर स्वामी जी महाराज ने दुबहड़ के जनाड़ी स्थित जनेश्वर मिश्र सेतु के पास चातुर्मास व्रत स्थल पर शनिवार की शाम प्रवचन किया। इस दौरान स्वामी जी महाराज ने कहा कि अपने लिए सुख की इच्छा करना ही दुख का कारण है। जितना ही हम सुख सुविधा में रहना चाहेंगे, उतना ही संसार में परेशानियां पैदा होंगी और उतना ही कष्ट होगा। इसलिए सुख पाने के लिए अपने सुख की इच्छा का त्याग करना चाहिए। सुख की इच्छा, आशा और भोग तीनों संपूर्ण दुखों के कारण हैं। ऐसा होना चाहिए ऐसा नहीं होना चाहिए इसी में सब दुख भरे हुए हैं।



मन में किसी वस्तु की चाह रखना ही दरिद्रता है। लेने की इच्छा वाला सदा दरिद्र ही रहता है। मनुष्य को कर्मों का त्याग नहीं करना है, प्रतीत कामना का त्याग करना है। मनुष्य को वस्तु गुलाम नहीं बनाती उसको इच्छा गुलाम बनाती है। यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो। कुछ भी लेने की इच्छा भयंकर दुख देने वाली है। जिसके भीतर इच्छा है उसको किसी न किसी के पराधीन होना ही पड़ेगा। अपने लिए सुख चाहना राक्षसी वृति है। संग्रह की इच्छा पाप करने के सिवाय और कुछ नहीं कराती।अतः इस इच्छा का त्याग कर देना चाहिए। कामना का त्याग कर दें, तो आवश्यक बस्तुएं स्वतः प्राप्त होंगी। क्योंकि निष्काम पुरुष के पास आने के लिए वस्तुएं लालायित रहती है। जो अपने सुख के लिए वस्तुओं की इच्छा करता है उसको वस्तुओं के अभाव का दुख भोगना ही पड़ेगा।

**चित की चंचलता को रोका नहीं जा सकता :** स्वामी जी महाराज ने बताया कि चित की चंचलता को रोका नहीं जा सकता है। मोड़ा जा सकता है। इसको दुसरे जगह ट्रांसफर किया जा सकता है। प्रतिस्थापित किया जा सकता है। जो चीज नही रूकने वाला है उसे कैसे आप रोक सकते हैं। इसलिए मन को लगाना है तो वहां लगाइए जिसने पूरे संसार को बनाया है। उन्ही में अपनी चित की चंचलता को लगा दीजिए। जब जब मन करता है कुछ गुनगुनाने की तो मुरली वाले की नाम को गाइए। घुमने की इच्छा हो तो क्लब में मत जाइए। बल्कि विन्ध्याचल, अयोध्या, मथुरा, काशी चले जाइए। ऐसा करने से एक न एक दिन जो गलत प्रक्रियाओं में लग गया है वह अगत्या मुड़ जाएगा और मुड़कर हमेशा-हमेशा के लिए उससे अलग हो जाएगा।